भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
भारत मौसम विज्ञान विभाग
INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT
मौसम केंद्र,बिरसा मुंडा विमानपत्तन
METEOROLOGICAL CENTRE, BIRSA MUNDA AIRPORT
राँची, झारखण्ड, पिन- 834002
RANCHI, JHARKHAND, PIN-834002
दूरभाष/Telephone: 2970311/2253254/2251709/253879 फैक्स/Fax: 0651-2251709/2253879
Website: http://mausam.imd.gov.in/ranchi/,e-mail: metranchi@gmail.com, mcranchi@rediffmail.com

दिनांक: 21.05.2026

# विशेष बुलेटिन- 12


झारखण्ड राज्य में उष्ण लहर (Heat wave),गर्जन/वज्रपात एवं आंधी (Thunderstorm, Lightning and Gusty wind) का कृषि पर


## "प्रभाव आधारित पूर्वानुमान"


| दिनांक* | मध्य झारखण्ड (राँची, बोकारो, धनबाद, गुमला, हज़ारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा ,खूंटी तथा रामगढ) | दक्षिणी झारखण्ड (पूर्वी सिंघभूम, पश्चिमी सिंघभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावाँ) | उतर-पश्चिमी झारखण्ड (पलामू, गढ़वा,चतरा तथा लातेहार) | उतर-पूर्वी झारखण्ड (देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामतारा, पाकुर तथा साहेबगंज) |
|---|---|---|---|---|
| 21.05.2026 | राज्य के उत्तर –पश्चिमी भाग को छोड़कर शेष भागों में **कहीं-कहीं पर गर्जन/वज्रपात एवं आंधी (अधिकतम गति: 40-50 kmph) चलने की संभावना है।** | | | |
| 22.05.2026 | राज्य के उत्तर –पश्चिमी **तथा** निकटवर्ती मध्य (हजारीबाग ,कोडरमा, लोहरदगा)भाग को छोड़कर शेष भागों में कहीं कहीं पर- **गर्जन/वज्रपात एवं आंधी (अधिकतम गति: 40-50 kmph) चलने की संभावना है।** | | | |
| | **राज्य के पलामू, गढ़वा तथा चतरा में कहीं-कहीं उष्ण लहर चलने की संभावना है ।** | | | |
| 23.05.2026 | राज्य के उत्तर –पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य (धनबाद ,बोकारो ) भागों में कहीं कहीं-**पर गर्जन/वज्रपात एवं आंधी (अधिकतम गति: 50-60 kmph) चलने की संभावना है।** | | | |
| | राज्य के मध्य तथा दक्षिणी भागों में कहीं कहीं पर-**गर्जन/वज्रपात होने एवं आंधी (अधिकतम गति: 40-50 kmph) चलने की संभावना है।** | | | |
| | **राज्य के पलामू, गढ़वा तथा चतरा में कहीं-कहीं उष्ण लहर चलने की संभावना है ।** | | | |
| 24.05.2026 | राज्य के उत्तर –पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य (धनबाद ,बोकारो,रामगढ़ ,कोडरमा तथा हजारीबाग) भागों में कहीं कहीं-पर **गर्जन/वज्रपात एवं आंधी (अधिकतम गति: 50-60 kmph) चलने की संभावना है।** | | | |
| | राज्य के चतरा,राँची ,खूँटी ,लोहारदगा तथा गुमला जिलों **एवं** दक्षिणी भाग में कहीं कहीं पर- **गर्जन/वज्रपात एवं आंधी (अधिकतम गति: 40-50 kmph) चलने की संभावना है।** | | | |
| 25.05.2026 | राज्य के उत्तर –पश्चिमी भाग को छोड़कर शेष भागों में **कहीं-कहीं पर गर्जन/वज्रपात होने एवं आंधी (अधिकतम गति: 40-50 kmph) चलने की संभावना है।** | | | |


*(किसी भी दिनांक को जारी पूर्वानुमान, अगले दिन के सुबह 0830 भा.मा.स. तक वैध है ।


उष्ण लहर ,गर्जन/वज्रपात एवं आंधी (Heat Wave ,Thunderstorm, Lightning and Gusty wind) वाले जिलों को नीचे मानचित्र में भी दर्शाया गया है I)



## उष्ण लहर (Heat Wave) से फसल एवं सब्जियों का बचाव

| Crop | Possible Impact (संभावित प्रभाव) | Mitigation (प्रभाव को कामकरने के उपाय) |
|---|---|---|
| गरमा धान | • परागन की प्रक्रिया नहीं हो पाना<br>• अनाज के दाने बदरंग हो जाना<br>• तना छेदक कीट के प्रकोप देखे जा सकते हैं<br>• फसलों का जल्दी पकना जिससे धान की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ना | • सुबह एवं शाम के समय सिचाई करें<br>• खेतों में निराई गुड़ाई कर मिट्टी को भुरभुरा बनाए जिससे मृदा में नमी बनी रहेगी |
| सब्ज़ी | • वनस्पति विकास में कमी आना<br>• सब्जियों की फसलों में फूल और फल गिरना<br>• ककड़ी, करेला का जल्दी सूखना<br>• टमाटर में दरारें और झुलसना<br>• सब्जियों में सफ़ेद मक्खी के प्रकोप देखे जा सकते हैं | • नर्सरी अवस्था वाली सब्जियों को पुआल से ढक दें<br>• खड़ी सब्जियों पर सुबह एवं शाम के समय सिचाई करें<br>• खेतों में निराई गुड़ाई कर मिट्टी को भुरभुरा बनाए जिससे मृदा में नमी बनी रहेगी |
| फल | • आम ,नींबू एवं जाम में फल एवं फूलों का गिरना<br>• आम का गुच्छा रोग<br>• कीटों का प्रकोप<br>• आम के फलों के आकार में कमी | • आम, नीबू, पपीता आदि के बागों में शाम के समय सिंचाई की जाए ,ताकि बागों में पर्याप्त नमी बनी रहे।"<br>• खेतों में निराई गुड़ाई कर मिट्टी को भुरभुरा बनाए जिससे मृदा में नमी बनी रहेगी |
| पशुपालन | • भूख में कमी<br>• दूध के उत्पादन में कमी होना | • पशुओं को स्वच्छ जल हैंडपंप, कुआं, नहर, टयूबवेल का पानी पिलाए<br>• पशुओं को खाने में नमक दें<br>• मवेशियों के रहने की जगह को कपड़ें से ढक दे जिससे सीधी धूप ना आ सके। |

## गर्जन/वज्रपात एवं आंधी से कृषि पर होने वाले संभावित प्रभाव एवं बचाव

कृषि पर संभावित प्रभाव

1. फसलों को नुकसान
    - तेज आंधी और बारिश से फसलें गिर सकती हैं।
    - वज्रपात एवं ओलावृष्टि से फसल नष्ट हो सकती है।
    - फूल एवं फल झड़ सकते हैं।
2. पेड़-पौधों पर प्रभाव
    - तेज हवा से पेड़ टूट सकते हैं।
    - सब्जियों एवं बागवानी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।
3. मिट्टी एवं सिंचाई पर असर
    - तेज बारिश से मिट्टी का कटाव होता है।
    - खेतों में जलभराव से फसल खराब हो सकती है।
4. पशुपालन पर प्रभाव
    - खुले में बंधे पशुओं पर बिजली गिरने का खतरा रहता है।
    - पशुओं के चारे एवं शेड को नुकसान हो सकता है।
5. कृषि उपकरणों का नुकसान
    - बिजली गिरने से मोटर, पंपसेट एवं अन्य उपकरण खराब हो सकते हैं।

## बचाव के उपाय

फसल सुरक्षा

- मौसम पूर्वानुमान की जानकारी नियमित रूप से लें।
- पकी हुई फसल को जल्द कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखें।
- खेत में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें।
- बागवानी फसलों में पौधों को सहारा दें।

वज्रपात से बचाव

- गर्जन के समय खेत में कार्य न करें।
- पेड़ों के नीचे खड़े न हों।
- बिजली उपकरणों का उपयोग बंद रखें।
- खेत में लगे पंपसेट का स्विच बंद कर दें।

पशुधन सुरक्षा

- पशुओं को खुले मैदान में न रखें।
- उन्हें सुरक्षित एवं छायादार स्थान पर बांधें।

कृषि उपकरण सुरक्षा

- ट्रैक्टर, पंपसेट एवं मशीनों को ढककर सुरक्षित रखें।
- बिजली के तार एवं उपकरणों की जांच करते रहें।

आपातकालीन तैयारी

- स्थानीय प्रशासन एवं मौसम विभाग की चेतावनी का पालन करें।

**पूर्वानुमान पदाधिकारी**
**मौसम केंद्र, रांची**